इंदिरा रसोई योजना (ग्रामीण) का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

- 10 सितंबर, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रियंका गांधी ने टोंक ज़िले के निवाई स्थित झिलाय से पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के नाम से लाई गई 'इंदिरा रसोई योजना (ग्रामीण)' के तहत पूरे प्रदेश में 400 ग्रामीण इंदिरा रसोइयों का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि शहरों में सार्वजनिक, धार्मिक, व्यावसायिक स्थलों एवं कच्ची बस्तियों के आस-पास इंदिरा रसोई खुलने से मज़दूरों, विद्यार्थियों, कामकाजी लोगों को मात्र 8 रुपए में पौष्टिक भोजन मिल रहा है।
- राज्य सरकार ने 'कोई भूखा न सोए' की संकल्पना को साकार करने के लिये इंदिरा रसोइयों का विस्तार ग्रामीण क्षेत्रों में किया है। इंदिरा रसोई योजना (ग्रामीण) के तहत आज पूरे प्रदेश में 400 ग्रामीण इंदिरा रसोईयों का शुभारंभ किया गया है। 25 सितंबर तक इनकी संख्या बढ़ाकर 1000 कर दी जाएगी।
- विदित है कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नगरीय निकायों में करीब 1000 इंदिरा रसोई के सफल संचालन के बाद उपयोगिता को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में भी 1000 रसोइयाँ प्रारंभ करने की बजट 2023-24 में घोषणा की थी। इस योजना में वर्षभर में 1000 रसोईं से ग्रामीण क्षेत्र में ज़रूरतमंदों को करीब 7 करोड़ 30 लाख भोजन थालियाँ परोसने का लक्ष्य रखा गया है।
- शहरी क्षेत्रों की करीब 1000 इंदिरा रसोईं से अब तक 13 करोड़ से अधिक पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन की थालियाँ आमजन को परोसी जा चुकी हैं। इंदिरा रसोई योजना में भामाशाहों द्वारा भी भोजन प्रायोजित किया जा सकता है।
- नगरीय क्षेत्रों में संचालित इंदिरा रसोई योजना से गरीब एवं ज़रूरतमंद लोगों को मात्र 8 रुपए में सुविधापूर्ण वातावरण में सम्मानपूर्वक पौष्टिक भोजन मिल रहा है। इस योजना का लाभ विद्यार्थियों एवं श्रमिकों सहित सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है। यह महँगाई के दौर में बाहर से आने वाले विद्यार्थियों एवं कार्मिकों एवं हर ज़रूरतमंद के लिये एक वरदान साबित हो रही है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-indira-rasoi-yojana-rural